# विश्व पशु चिकित्सा दिवस 27 अप्रैल 2019

पशुचिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय, जबलपुर में विश्व पशु चिकित्सा दिवस के अवसर पर सप्ताह भर के आयोजन मनाये जा रहे है। उसके अंतर्गत इंटर्नशिप के छात्र एवं 10–12 शिक्षकों द्वारा नगर निगम गौशाल, तिलवाराघाट में 600 पशुओं में आज दिनांक 22.01.2019 को मुंहपका, खुरपका, गलघोटू तथा टंगिया रोग से सबंधी टीकाकरण का कार्य किया गया। अभी लगभग 1200 पशुओं का टीकाकरण किया जाना है, जो कि आगे 24 एवं 27 अप्रैल को किये जायेंगे। इस कार्यक्रम को सफल बनाने एवं सतत् गौवंश की रक्षा तथा उपचार हेतु समर्पित पशुचिकित्सक दल में डॉ. अर्पणा रैकवार, डॉ. अमिता तिवारी, डॉ. शशि प्रधान, डॉ. रणधीर सिंह चौहान, डॉ. नितिन बजाज, डॉ. के. श्रमण, डॉ. दानवीर यादव, डॉ. विद्या निधि गौतम, डॉ. देवेन्द्र गुप्ता, डॉ. बबीता दास, डॉ. अरूण मौर्य एवं महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. आर.के. शर्मा के द्वारा टीकाकरण का कार्य संपादित किया गया। आगे इस टीककरण कार्य से संबंधित व्याख्यान, क्विज प्रतियोगिता एवं पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन भी किया जायेगा।

दिनांक 27 अप्रैल 2019 को इन सभी प्रतियोगिता के परिणाम एवं पुरूस्कार वितरण समारोह कॉलेज के प्रेक्षागृह में माननीय कुलपति डॉ. प्रयाग दत्त जुयाल, की अध्यक्षता में सम्पन्न होगा। इस अवसर पर माननीय कुलपति जी ने समस्त पशुचिकित्सकों को विश्व पशु चिकित्सा दिवस की अग्रिम शुभकामनाएं प्रेषित की।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर